दिन– मंगलवार | दिनांक– 07 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभ चुनाव छह और ग्यारह नवंबर को दो चरणों में कराये जाने की घोषणा की। चौदह नवम्बर को होगी मतगणना।

02. विधानसभा चुनाव के पहले चरण की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आज आखिरी दिन।

03. सर्वोच्च न्यायालय में आज बिहार एसआईआर के खिलाफ दायर विभिन्न याचिकाओं पर होगी अंतिम सुनवाई।

04. और, कोसी, कमला, बागमती तथा महानंदा नदियों में उफान से उत्तर बिहार में बाढ़ की स्थिति गंभीर। सुपौल, किशनगंज, शिवहर और दरभंगा समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में।

---

बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पहले चरण का मतदान छह नवंबर और दूसरे चरण का मतदान ग्यारह नवंबर को कराने की घोषणा की। मतों की गिनती चौदह नवंबर को होगी। पहले चरण में एक सौ इक्कीस सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे जबकि दूसरे चरण में एक सौ बाईस सीटों के लिए मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

———बाइट———

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों के लिए अधिसूचना दस अक्टूबर को जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। प्रत्याशी सत्रह अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। अठारह अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। प्रत्याशी बीस अक्टूबर तक नाम वापस ले सकते हैं। वहीं, दूसरे चरण के तहत एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों के लिए अधिसूचना तेरह अक्टूबर को जारी होगी। बीस अक्टूबर तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इक्कीस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। तेईस अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि राज्य में सात करोड़ बयालीस लाख मतदाताओं के लिए नब्बे हजार सात सौ बारह पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे।

———बाइट———

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि बिहार में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पहली बार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि सभी मतदान केंद्रो से वेबकास्टिंग कराई जाएगी ताकि चुनाव प्रक्रिया पर पूरी निगरानी रखी जा सके।

---बाइट---

श्री कुमार ने कहा कि जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी तरह की हिंसा कतई बर्दाश्त न की जाए। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

---बाइट---

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की सुविधा के लिए हर जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

---बाइट---

---

विधानसभा चुनाव की घोषणा का विभिन्न राजनीतिक दलों ने स्वागत किया है। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने चुनाव की घोषणा का स्वागत करते हुये कहा है कि दो चरणों में चुनाव कराने का निर्वाचन आयोग का फैसला अच्छा है। उन्होंने कहा कि इससे चुनाव में धांधली करने वालों को मौका नहीं मिलेगा।

---बाईट---

---

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले चरण वाले एक सै इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आज अंतिम दिन है। वहीं, दूसरे चरण के चुनाव के लिए एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्र के लोग दस अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि से दस दिन पहले तक मतदाता सूची में पंजीकरण करवाया जा सकता है।

---

सर्वोच्च न्यायालय में बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम, एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर आज आखिरी सुनवाई होगी। इससे पहले मामले सुनवाई में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा था कि बिहार में जारी एसआईआर में यदि कोई गड़बड़ी पायी जाती है तो पूरी प्रक्रिया

को रद्द कर दिया जायेगा। पीठ ने कहा कि एसआईआर पर आने वाला अंतिम फैसला पूरे देश में लागू होगा।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के बाद उत्तर बिहार में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। कोसी, कमला बलान, भूतही बलान, बागमती और महानंदा सहित कई नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके कारण सुपौल, किशनगंज, सीतामढ़ी, कटिहार, अररिया, सहरसा, शिवहर, दरभंगा और मुजफ्फरपुर समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की चार और एसडीआरएफ की बाईस टीमों को तैनात किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सीवान में बांध टूटने से कई इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। हजारों एकड़ भूमि में लगी धान की फसल को नुकसान हुआ है। इधर, कर्मनाशा और दुर्गावती नदी का जलस्तर बढ़ने से कैमूर जिले के रामगढ़ में कई इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने से ने धान की फसलों को नुकसान हुआ है।

इधर, कोसी नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद सुपौल जिले के छह प्रखंड बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। कोसी और सहायक नदियों तिलयुगा तथा बिहुल के जलस्तर में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि हमारे संवाददाता ने बताया है कि नेपाल के बराह क्षेत्र और कोसी के जलस्तर में व्यापक कमी के चलते बाढ़ ग्रस्त इलाकों में लोगों को राहत मिली है। आज सुबह आठ बजे तक बराह का जलस्तर एक लाख क्यूसेक से नीचे दर्ज किया गया। इस अवधि में कोसी बराज से एक लाख इकसठ हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। किशनगंज, और कटिहार जिले में भी कोसी और महानंदा नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है। शिवहर जिले में बागमती और स्थानीय नदियों में बाढ़ से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि तटबंध के भीतर हालात अधिक खराब है।

———बाईट———

जिले में बागमती और लालबकेया नदी कई स्थानों पर लाल निशान से काफी ऊपर बह रही है । बागमती तटबंध पर कई जगहों पर जबरदस्त दबाव के कारण तरियानी छपरा के पास तटबंध से पानी का रिसाव हो रहा है । तटबंध के अंदर बसे खुरपट्टी और बेलहिया गांवों में लोगों के घरों में पानी घुस गया है । एसडीआरएफ के सहयोग से इन्हे सुरक्षित स्थानों पर लाया गया। दोनों तटबंधों के बीच पानी फैल जाने से पूरा इलाका जलमग्न हो गया है। फसले पानी में डूब गई है। जिलाधिकाकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को सुरक्षात्मक कार्य तेज़ करने के निर्देश दिये हैं। आकाशवाणी समाचरा के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह

इधर, मुजफ्फरपुर जिले के औराई और रून्नीसैदपुर के बीच बागमती नदी के बांध में कई जगह रिसाव हो रहा है। गायघाट में बागमती नदी के बढ़ते जलस्तर से

जमालपुर–कोदई और केवटसा पंचायत में बाढ़ का पानी फैल गया है। दूसरी तरफ, सीतामढ़ी जिले में भी बागमती नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल रहा है। दरभंगा जिले में कमला बलान नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिले के घनश्यामपुर, कुशेश्वर स्थान और गौराबौड़ाम प्रखंडों में बाढ़ का पानी कई ईलाकों में फैल गया है। वहीं, सहरसा, मधेपुरा सीतामढ़ी और मधुबनी जिले के भी कई हिस्सें बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। इधर, हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि परमान नदी का बांध क्षतिग्रस्त होने से सैकड़ों घर जलमग्न हो गए हैं। पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले के कई हिस्सों में भी बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है।

---

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कमजोर पड़ने से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज प्रदेश के पश्चिमी और मध्य भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से कई हिस्सों में वज्रपात की भी आशंका है। विभाग के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य मे अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी की सम्भावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी के सोनबरसा में सर्वाधिक तिहत्तर मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

रेलव ने त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए ग्यारह अक्टूबर से पन्द्रह नवम्बर तक दिल्ली–पटना वंदे भारत विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यह ट्रेन नई दिल्ली से प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को चलेगी जबकि पटना से विशेष वंदे भारत ट्रेन मंगलवार, गुरूवार और रविवार को दिल्ली के लिए रवाना होगी।

---

चेन्नई में आयोजित उनतालीसवीं अखिल भारतीय आईआईटी तैराकी प्रतियोगिता में आईआईटी पटना के अंकुर राज ने एक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में छह और ग्यारह नवम्बर को वोट, चौदह नवम्बर को होगी मतगणना। अखबार लिखता है– चालीस साल बाद बिहार में दो चरणों में चुनाव होंगे।

दैनिक जागरण ने इसी खबर पर अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– पहली बार हर विधानसभा सीट के लिए तैनात होंगे पर्यवेक्षक। इस बार चौदह लाख से अधिक पहली बार के मतदाता भी होंगे शामिल।

आज अखबार लिखता है– आचार संहिता लागू। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त होगी कार्रवाई। दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– पटरी पर दौड़ी पटना मेट्रो। नौ मिनट छब्बीस सैकेंड में साढ़े चार किलोमीटर का सफर पूरा। प्रभात खबर का शीर्षक है– सीजेआई पर वकील ने की जूता उछालने की कोशिश, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की निंदा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभ चुनाव छह और ग्यारह नवंबर को दो चरणों में कराये जाने की घोषणा की। चौदह नवम्बर को होगी मतगणना।

02. विधानसभा चुनाव के पहले चरण की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आज आखिरी दिन।

03. सर्वोच्च न्यायालय में आज बिहार एसआईआर के खिलाफ दायर विभिन्न याचिकाओं पर होगी अंतिम सुनवाई।

04. और, कोसी, कमला, बागमती तथा महानंदा नदियों में उफान से उत्तर बिहार में बाढ़ की स्थिति गंभीर। सुपौल, किशनगंज, शिवहर और दरभंगा समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।